तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 7 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 एबीईओ ने किया नवोदय निः शुल्क कोचिंग...



12 विश्व मृदा दिवस पर बच्चों ने मिट्टी के सुंदर...








## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, कारणा अज्ञात

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत भीरवाही निवासी 75 वर्षीय दशरूरराम विश्वकर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भीरावाही निवासी 35 वर्षीय रामकुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने खेत लाड़ी में सीता झाड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक ने किन कारणों से आत्मत्या किया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाने से हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बागोडार निवासी 44 वर्षीय जयकुमार सलाम ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, लेकिन उसका मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 5 दिसंबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्राशा राजापारा में आज आधार शिविर

**कांकेर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा प्राथमिक शाला राजापारा स्कूल में आज 07 दिसबंर रविवार को पूरे दिन आधार नामांकन एवं सुधार शिविर ▶▶|शेष पेज 12 पर

### अपराध : करियापहर तेंदुए की मौत के मामले में खुला नया पेंच

# करियापहर में मृत तेंदुए के नाखून-पंजे बरामद, आरोप में 4 ग्रामीण गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले में वन्यजीव अपराध का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसने न सिर्फ वन विभाग को चौंका दिया बल्कि आम नागरिकों को भी हिलाकर रख दिया। नरहरपुर परिक्षेत्र के देवी नवागांव परिसर ग्राम करियापहर में 4 दिसम्बर को कुएं में मृत पाए गए नर तेंदुआ के पंजे और नाखून काटने वाले आरोपियों के चेहरे आखिरकार उजागर हो गए हैं। वन विभाग और राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल की त्वरित और सतत कार्रवाई के बाद यह गंभीर अपराध उजागर हुआ और चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ नाखून व बाल जप्त करने में सफलता मिली है।

वन विभाग के पास 4 दिसंबर को घटना तब सामने आई, जब ग्राम करियापहर के कृषक शिवराम नेताम और रामचंद नेताम ने सूचना दी कि उनके खेत खसरा नंबर 139 स्थित कुएं में एक जंगली जानवर मृत अवस्था में पड़ा है। वन विभाग की






- तेंदुए के पंजे-नाखून काटने वालों पर शिकार का भी संदेह
- वन विभाग की तगड़ी कार्रवाई की

टीम मौके पर पहुंची और वहां एक नर तेंदुआ का शव मिला। वन विभाग की टीम ने तेंदुआ के शव को कुएं से बाहर निकाला और देखा कि तेंदुआ के चारों पैर पंजों और नाखूनों सहित काटे गए थे और साथ ही मूछो के बाल भी निकाले गए थे। वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल की उपस्थिति में शव को कुएं से बाहर निकाला गया। इसके बाद तीन डॉक्टरों ▶▶|शेष पेज 12 पर

### आरोपियों से कुल्हाड़ी, कटारी, लकड़ी व रस्सा बरामद



वन विभाग की लगातार 48 घंटे की जांच, पूछताछ, मौके-मुआयना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वन विभाग आखिरकार आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। टीम ने 6 दिसंबर को करियापहर के चार आरोपियों शत्रुधन पिता नारायण, उम्र 51 वर्ष, श्रवण पिता महेन्द्र, उम्र 19 वर्ष, छबिलाल पिता बुधारू, उम्र 35 वर्ष और बुधारू पिता अमरसिंह उम्र 71 वर्ष के कब्जे से तेंदुए के काटे गए पैर, जिनमें पंजे और नाखून सुरक्षित थे, बरामद कर लिए गए। इसके अलावा आरोपियों द्वारा पंजे काटने के लिए प्रयुक्त कुल्हाड़ी, कटारी, लकड़ी और रस्सा भी बरामद किया गया। घटनास्थल और आरोपियों के घरों से बरामद सामग्री का पंचनामा तैयार कर सभी साक्ष्यों को सुरक्षित किया गया।

### मौत व नाखून काटना संदेह के दायरे में

आरोपियों का कहना है कि तेंदुए को कुएं में देखा और कोई हलचल नहीं थी, उसे बाहर निकाला। उसके बाद उसके नाखून व मूछो के बाल को काटकर फिर से कुंए में डाल दिया। तेंदुए की मौत के बाद उसके अंगों को अवैध रूप से काटकर ले जाया गया है, जिसका संबंध वन्यजीव तस्करी या काले जादू जैसी कुप्रथाओं से भी जुड़ सकता है। इसके अलावा तेंदुए जैसे संरक्षित वन्यप्राणी के अंगों की अवैध तस्करी का मामला भी हो सकता है। वन विभाग का कहना है कि जाँच के बाद पता चलेगा कि उसकी मौत किन कारणों से हुई।

### ग्रामीणों का मिला सहयोग पूरा गांव रहा जांच के केंद्र में

वन विभाग का कहना है कि इस जांच में ग्राम के कोटवार, पटेल और ग्राम प्रमुखों ने भी वन विभाग का पूरा सहयोग किया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी और डॉग स्क्वाड द्वारा खोजे गए सुरागों ने आरोपियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीण भी इस घटना से स्तब्ध थे, क्योंकि पहली बार किसी तेंदुए के साथ ऐसी क्रूरता सामने आई थी।

### जाँच के बाद सही कारण का होगा खुलासा

वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल ने बताया कि चार आरोपी पकड़े गए है और उनके पास से नाखून व मूछ के बाल जप्त किए गए है। मामले की जाँच जारी है, जाँच के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि आरोपियों ने किस उद्देश्य को लेकर नाखून एवं मूछ के बाल काटे गए थे। चारों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही जारी है।

### शराब पिलाने वाले को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 81 निवासी राजू मल्लिक को पुलिस ने अवैध रूप से लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा देते हुए पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी राधानगर के किराना दुकान के सामने लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा दे रहा था। मौके से आरोपी के कब्जे से महुआ शराब को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### दो दिनी सांसद खेल महोत्सव 9 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में ग्रामीण एवं विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 9 से 10 दिसंबर तक किया जाएगा। इस आयोजन में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हुए विभिन्न पारंपरिक एवं आधुनिक खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग 18 वर्ष, 18 से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। महोत्सव के दौरान एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, गेड़ी दौड़, गिल्ली-डंडा सहित कई खेलों को शामिल किया गया है, जिसमें खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## सहायक शिक्षकों ने वेतन समानता और पदोन्नति की मांग पर विधायक से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई के पदाधिकारियों ने शनिवार को विधायक आशाराम नेताम से मुलाकात कर लंबे समय से लंबित वेतन विसंगति दूर करने एवं क्रमोन्नति प्रदान करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन ने कहा कि चुनाव के दौरान केंद्र सरकार की मोदी गारंटी और वर्तमान प्रदेश सरकार के घोषणापत्र में सहायक शिक्षकों की वेतन समस्या दूर करने का स्पष्ट वादा किया गया था, लेकिन दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद समाधान अब तक नहीं हुआ है। ज्ञापन में फेडरेशन ने उल्लेख किया कि समान कार्य और समान दायित्व निभाने के बावजूद सहायक शिक्षकों की वेतन संरचना में असमानता बनी हुई है, जिससे शिक्षक आर्थिक व मानसिक दबाव झेलने को मजबूर हैं।

इस विसंगति का असर उनके पारिवारिक जीवन और कार्यक्षमता पर भी पड़ रहा है। फेडरेशन ने मांग की कि सहायक शिक्षक प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला हैं, इसलिए उन्हें सम्मानजनक और न्यायपूर्ण वेतन मिलना ही चाहिए। इसी दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के साथ प्रधानपाठक पदोन्नति से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों का सकारात्मक निराकरण करते हुए आश्वासन दिया कि जनवरी 2026 तक पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी, जिससे योग्य शिक्षकों को उनका उचित ▶▶|शेष पेज 12 पर

## उधारी वसूली के नाम पर 7 लोगों ने दो भाइयों को पीटा

**कांकेर।** मोबाइल खरीदने के लिए ली गई मामूली उधारी भीषण विवाद में बदल गई। पखांजुर में सात लोगों ने मिलकर दो भाइयों पर ऐसा हमला बोला कि दोनों लहूलुहान हो गए। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुरानी रंजिश और उधारी की खींचतान सामने आई।

- मोबाइल के 2,600 रुपए के लेन-देन पर हुआ विवाद

पखांजुर क्षेत्र में मोबाइल खरीदने के नाम पर ली गई उधारी रकम को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पीव्ही 45 जानकीनगर निवासी दीपक दास ने थाना पखांजुर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके भाई दिनेश दास से गांव के सुमित राय ने दो वर्ष पूर्व मोबाइल खरीदने के लिए 2,600 रुपये उधार लिए थे। 4 दिसंबर को दिनेश द्वारा उधारी रकम मांगने पर



सुमित राय ने पैसा देने से इंकार कर दिया, जिस पर दिनेश ने उसका मोबाइल अपने पास रख लिया। रात करीब साढ़े आठ बजे सुमित अपने घर चला गया, लेकिन कुछ देर बाद वह अपने पिता रविन राय, भाइयों राजू राय, सौरभ राय, सूरज राय और साथियों समीर शाहा व संजीत शाहा को लेकर वापस पहुंचा। सभी ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए मोबाइल मांगने के बहाने विवाद खड़ा कर दिया और एक राय होकर दिनेश दास पर हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए बड़े भाई दिलीप दास को भी पीटा गया। हमले में दोनों भाइयों के सीने, गर्दन और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं और ▶▶|शेष पेज 12 पर

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार गंभीर, राहगीरों की सूझबूझ से बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर के पास सिंगारभाट में देर रात एक सड़क हादसे ने सनसनी फैला दी, जब तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बाइक सवार सड़क पर गंभीर हालत में तड़पता रहा था, वहीं मौके पर मौजूद राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए तुरंत उसे उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया और उसकी जान बचाई।



थाना कांकेर से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना 5 दिसंबर की रात लगभग 8 बजे सिंगारभाट के पास हुई। बरदेभाटा निवासी 30 वर्षीय सामो कोर्राम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसी रात उन्हें पता चला कि उनके पति सोनसाय कोर्राम किसी वाहन की ठोकर से घायल हो गए हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। सूचना मिलते ही वह अस्पताल पहुंचीं, जहां सोनसाय इलाज के दौरान बात करने की स्थिति में नहीं थे। अगले दिन यानी 6 दिसंबर को सोनसाय कोर्राम ने होश में आने के बाद पूरी घटना बताई। उन्होंने बताया कि 5 दिसंबर की रात वह मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी कांकेर से व्यासकोंगेरा रोड पर सिंगारभांट के पास विपरीत दिशा से एक अज्ञात बाइक तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए आया और उन्हें जोरदार टक्कर मारकर भाग निकला।

हादसे में उनके दाहिने पैर, सीने और सिर में गंभीर चोटें आई हैं और तीव्र दर्द बना हुआ है। हादसे की इस घटना ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही भरी ड्राइविंग के खतरों को उजागर कर दिया है। सामो कोर्राम की शिकायत पर थाना कांकेर ▶▶|शेष पेज 12 पर

## मिट्टी ढुलाई गाड़ी के नाम पर दिन में विवाद, रात में घर घुसकर पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले के पखांजुर क्षेत्र में मिट्टी ढुलाई वाली गाड़ी को लेकर

- शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ दर्ज किया मामला

शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसा में बदल गया। गांव की बैठक में फैसला हो जाने के बाद भी एक पक्ष ने रंजिश में देर रात पीड़ित के घर पहुंचकर उसके परिवार पर हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पीव्ही 27 हृदयपुर निवासी 48 वर्षीय शंकर मजूमदार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह खेती-किसानी और ईंट निर्माण का कार्य करते हैं। वर्ष 2024 में वह और भावेन मल्लिक साथ मिलकर ईंट निर्माण कर रहे थे। भावेन मल्लिक द्वारा 1300 रुपएं उधारी नहीं लौटाने पर उसने अपनी मिट्टी ढुलाई गाड़ी



अपने घर में रख ली थी। 4 दिसंबर की सुबह भोला मल्लिक गाड़ी लेकर चला गया, जिसके बाद मैंने गांव के मुखिया लोगो को बताया फिर गांव में बैठक हुआ। गांव की बैठक में निर्णय हुआ कि गाड़ी को भावेन मल्लिक को दे दी जाए और उधारी पैसा नहीं लिया जाएगा, लेकिन रात में लगभग साढ़े 8 बजे देवराज मल्लिक, भोला मल्लिक और भावेन मल्लिक शंकर मजूमदार के घर पहुंच गए और रात में घर में घुसकर गाली-गलौच करने लगे, गाली देने से मना किया और मैं एवं परिवार के सदस्य थाना रिपोर्ट करने आने वाले थे, उसी समय देवराज मल्लिक, भोला मल्लिक और भावेन ▶▶|शेष पेज 12 पर











### भगवती मानव कल्याण एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की सक्रियता

## नशा व मांसाहार मुक्त समाज निर्माण के लिए कल्याण संगठन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समाज को नशा-मांसाहार जैसी कुरीतियों से मुक्त कर एक स्वस्थ, सशक्त और चरित्रवान राष्ट्र का निर्माण करने के संकल्प के साथ भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बढ़ती नशे की लत से चिंतित संगठनों ने प्रशासन से प्रभावी कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि यह चुनौती अब केवल व्यक्तिगत



नहीं, बल्कि सामाजिक स्वरूप ले चुकी है, जिसे जड़ से मिटाने के लिए व्यापक जनजागरण और ठोस कार्रवाई अनिवार्य है। नशा मुक्ति एवं मांसाहार पर रोक की दिशा में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की मांग को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन तथा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रतिनिधियों ने कहा कि नशा आज समाज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुका है, जिसके कारण व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और आर्थिक स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि युवक वर्ग नशे की गिरफ्त में तेजी से फँस रहा है, जिससे देश के भविष्य पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को भीतर से कमजोर कर देता है, जिससे कैंसर, लीवर फेल्योर, हृदय रोग और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय सेवा योजना मेगा शिविर से स्वयंसेवकों को मिली प्रेरणा

**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शाउमावि दमकसा एवं आमाकड़ा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मेगा शिविर का आयोजन ग्राम बरहेली में किया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक शामिल होकर प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता संबंधी गतिविधियों को उत्साहपूर्वक सम्पन्न कर रहे हैं। शिविर के बौद्धिक सत्र में युवा समाजसेवी ललित नरेटी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में स्व-अनुशासन, जिम्मेदारी और संगठनात्मक क्षमता विकसित करने की महत्वपूर्ण पाठशाला है। इस मंच से युवक-युवतियाँ यह सीखते हैं कि समन्वय और सामूहिक प्रयासों से किसी भी समस्या का समाधान सरलता से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन का वास्तविक प्रकाश है, जो हम सभी को राष्ट्र निर्माण के लिए सक्षम बनाती है। नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को नष्ट कर देता है। नशे की वजह से परिवार टूटते हैं और राष्ट्र की प्रतिष्ठा भी प्रभावित होती है। हम युवा भविष्य की उम्मीद हैं, इसलिए हमें हर प्रकार के नशे से दूर रहकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के त्रिलोक सोनी ने स्वयंसेवकों को सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं, संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर युवाओं को प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी द्वय अजय रावटे एवं पीआर करपाल, वरिष्ठ व्याख्याता एनआर मंडावी, नरेशा मंडावी, संगीता छेदैया, सीमा चौधरी, राजेश्वरी भंडारी, खुशबू ध्रुव, भारती नाग, मनोज दरियो, सुरेश ठाकुर, नरेश गावड़े, मनीषा हिड़को सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### युवक ने जहर खाया इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत धनेसरा निवासी 40 वर्षीय नरेश यादव ने जहर खा लिया, इलजा के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसका जान नही बच पाया। अस्पताल कि ओर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया।

### निधन

### अखिल राठौर

**कांकेर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर के



बड़े भाई अखिल राठौर का 6 दिसंबर का सुबह रायपुर के अस्पताल में हार्ट अटैक आने से निधन हो गया, जिनका अंतिम यात्रा वा क्रिया संस्कार 7 दिसम्बर को भानुप्रतापपुर मुक्तिधाम में संपन्न होगा। अंतिम यात्रा सालिहापारा स्थित निवास से भानुप्रतापपुर मुक्तिधाम के लिए प्रातः 10 बजे निकलेगी।

# एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने कोरर के ग्रामजनों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कोरर के 7 दिवसीय विशेष शिविर 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक ग्राम केंवटीनटोला में आयोजित हुआ है। सरपंच सरिता भुवार्य ने एनएसएस ध्वज फहराकर कर शिविर का शुभारंभ किया। प्रत्येक दिवस स्वयंसेवक प्रभात फेरी में कश्मीर से कन्याकुमारी, भारत माता एक हमारी का नारा लगाकर, गीत गाकर ग्राम जनों को जागरूक किया।

सरकार के पुलिस, स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य, योग एवं आयुर्वेद औषधि विशेषज्ञ, विधि विभाग ने स्वयं सेवकों सहित ग्राम जनों को शिविर में साइबर फ्राड, डिजीटल अरेस्ट से बचने, नशा मुक्त युवा, नशा उन्मूलन कार्यक्रम और आयुर्वेद औषधि से रोगों का उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किया एवं प्रसार किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने लोगों को नशा से दूर रहने का स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने का संदेश दिया।

समापन दिवस में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, उमेश साहू जनपद सदस्य सहित सभी विशिष्ट अतिथिगणों ने रासेयो के लक्ष्य को समाज के विकास में योगदान को बताया। रासेयो अधिकारी डेविड गिलहरे, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी जनक राम कोमरा, पीएम प्राथमिक व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक, शिक्षक - शिक्षिका उपस्थित रहे।

**कोरर में सात दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन**



**इन्होंने दी शुभकामनाएं**

इस अवसर पर भागीरथी नायक रासेयो जिला संगठक कांकेर, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीवन कुमार बस्तर विवि, डॉ नीता वाजपेई राज्य रासेयो अधिकारी ने शिवराज टांडिया प्राचार्य एवं संरक्षक रासेयो सेजेस कोरर सहित समस्त स्टाफ ग्राम सरपंच सरिता भुवार्य, उपसरपंच परमानंद कावड़े, ग्राम पटेल अमरसिंह बढ़ई, वासुदेव नायक, पुनीत चालाकी, केंवटीनटोला वासियों को शिविर के सफल संचालन की शुभकामनाएं दिया।

## होनहार विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने में मिलेगा लाभ और मार्गदर्शन

# एबीईओ ने किया नवोदय निः शुल्क कोचिंग का किया निरीक्षण, शिक्षकों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



■ तैयारियों के आंकलन पर पूछे सवाल

दुर्गकोंदल विकासखंड में संचालित संकुल स्तरीय निःशुल्क जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कोचिंग केंद्रों का सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईरागांव, लोहत्तर, दमकसा, गोटूलमुंडा, तरहुल तथा आमाकड़ा संकुलों में चल रही कोचिंग व्यवस्था का गहन अवलोकन किया और विद्यार्थियों की तैयारी को और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। विद्यार्थियों के तैयारियों का आकलन करने प्रश्न पूछे तथा उनका उत्साह बढ़ाया।

एबीईओ ने प्रत्येक केंद्र पर उपस्थित होकर कोचिंग में कराए जा रहे अभ्यास कार्यों की बारीकी से जांच की। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों की दैनिक प्रगति, पढ़ाए जा रहे विषयों तथा अभ्यास की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विद्यार्थी मानसिक योग्यता, हिंदी भाषा तथा गणित के प्रश्नों का अभ्यास कर रहे हैं, किंतु कुछ विषयों में अभी और गहन तैयारी की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा के तीनों खंडों मानसिक योग्यता परीक्षण, हिंदी भाषा तथा गणित में विद्यार्थियों को बार-बार अभ्यास कराया जाए। गणित के मूलभूत प्रश्नों पर अधिक ध्यान दिया जाए, ताकि विद्यार्थियों की नींव मजबूत हो। मानसिक योग्यता खंड में कागज मोड़ना , श्रृंखला एवं क्रम , असंगत आकृति जैसे कठिन टॉपिक्स की नियमित प्रैक्टिस कराई जाए। हिंदी खंड में अधिक से अधिक गद्यांश तथा समझ संबंधी प्रश्नों का अभ्यास कराने पर जोर दिया गया और साथ ही उन्होंने 13 दिसंबर को होने वाले परीक्षा से पूर्व दो बार मॉडल टेस्ट पेपर कराने, जिसमें समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने तथा विद्यार्थियों को आने वाली कठिनाइयों को तुरंत दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन टॉपिक्स या प्रश्नों में विद्यार्थी बार-बार गलती कर रहे हैं, उन्हें अलग से समझाया जाए और अतिरिक्त अभ्यास कराया जाए, ताकि परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित हो सके। इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ राजकुमार चंद्राकर संकुल समन्वयक सुरुंगदोह 1 तथा गोवर्धन मंडावी व्याख्याता मर्रामपानी भी उपस्थित रहे और कोचिंग की वर्तमान स्थिति एवं आगे की योजना पर चर्चा की। एबीईओ ने शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र के मेधावी बच्चों को नवोदय विद्यालय जैसे उत्कृष्ट संस्थानों में प्रवेश दिलाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से क्षेत्र के होनहार विद्यार्थी उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर सकें, यही हमारा लक्ष्य है।

# गोयल ग्रुप की हाहालद्दी माइंस में खान सुरक्षा पखवाड़ा मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

गोयल ग्रुप की हाहालद्दी स्थित लौह अयस्क खदान में 41वाँ खान सुरक्षा पखवाड़ा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में देश के प्रतिष्ठित खदानों के प्रतिनिधियों नें शिरकत की। अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ के बस्तर के प्रसिद्ध मांदरी नृत्य से किया गया, जिसकी प्रस्तुति से अतिथियों के साथ खदान के कर्मचारियों का मन भी भावविभोर हो गया। खदान के इस आयोजन में मुख्य अतिथि संतोष शर्मा के साथ संजय यादव एवं विक्रांत सिंह परिहार शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। इतना ही नहीं स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति ने भी अतिथियों का मन मोह लिया। खदान के कर्मचारियों व कामगारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कार्य स्थल पर सुरक्षित कार्य करने के लिए सभी को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि एवं कन्वेनर संतोष शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा गोयल ग्रुप खदान प्रबंधन द्वारा खदान में कार्य करते समय कामगारों व कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे उपायों की जमकर तारीफ की गई। खदान प्रबंधन द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान करने के साथ सभी प्रतिभागियों सम्मानित किया गया। बच्चों के साथ ही संस्थान के बेहतरीन ऑपरेटरों, कामगारों व ड्राइवरों को भी माइंस प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया, जिसमें बेस्ट सुपरवाइज देवराज नाग ने बाजी मारी तो बेस्ट लेबर का पुरस्कार प्रवीण सिन्हा ने प्राप्त किया। इनके अलावा अन्य विभागों में कार्यरत कामगारों को उनके विभाग के वेस्ट कामगार के रूप में भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में गोयल ग्रुप के कर्मचारियों व कामगारों नें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं और लंबित मांगों के निराकरण में लगातार देरी को लेकर विभाग में गहराती नाराजगी अब खुलकर सामने आने लगी है। संघ की ओर से विभागाध्यक्ष कार्यालय और समाज कल्याण संचालनालय को कई बार पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया गया, मगर समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से कर्मचारी आक्रोशित हैं। इसी स्थिति के विरोध में संघ ने 24 दिसंबर को समाज कल्याण संचालनालय, माना रायपुर के समक्ष भोजन अवकाश के दौरान धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

संघ द्वारा कहा गया है कि कर्मचारियों की मांगें वर्षों से लंबित हैं, जिन पर विभागीय स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं हो पा रही है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 24 दिसंबर से पहले मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो कर्मचारी भोजन अवकाश में शांतिपूर्ण धरना देने के लिए बाध्य होंगे और इसकी पूरी जवाबदारी विभाग की होगी। कर्मचारियों की प्रमुख मांगें सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र 10 नवंबर 2025 के अनुसार विभागाध्यक्ष स्तर पर 15 दिसंबर तक संयुक्त प्रमाण की बैठक आयोजित की जाए, अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त सहायक ग्रेड- तीन कर्मचारियों की

■ लंबित मांगों को लेकर 24 को भोजन अवकाश के दौरान प्रदर्शन

वर्षों से लंबित परीक्षण अवधि तुरंत समाप्त की जाए, तृतीय श्रेणी लिपिक सहित विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रियाएं तत्काल जारी की जाएं, वर्षों से लंबित लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों को समाज शिक्षा संगठन के पदों पर पदोन्नति के लिए विभागीय परीक्षा आयोजित की जाए, विभागाध्यक्ष कार्यालय एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरा जाए, विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वित्त निर्देश 31/2017 के अनुसार कर्मचारी भविष्य निधि और सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान किए जाएं, कांकेर, धमतरी सहित विभिन्न जिलों में लिपिक संवर्ग में हुई नियम विरुद्ध भर्ती, पदोन्नति और पदस्थापन की जांच राज्य स्तरीय समिति गठित कर कराई जाए। संघ ने स्पष्ट कहा है कि इन मांगों पर कार्रवाई की अपेक्षा लंबे समय से की जा रही है, लेकिन विभागीय प्रक्रियाएं धीमी रहने से न केवल कर्मचारी वर्ग में असंतोष बढ़ रहा है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव विभागीय कार्यों पर भी पड़ रहा है।

संघ ने अपनी ओर से पत्र की प्रतिलिपि मंत्री, समाज कल्याण विभाग, सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, कलेक्टर रायपुर तथा पुलिस अधीक्षक रायपुर को भी भेजते हुए आग्रह किया है कि धरना प्रदर्शन के समय कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक आवश्यकताओं का समुचित ध्यान रखा जाए। कर्मचारियों का कहना है कि यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर कोई सकारात्मक पहल की जाती है तो संघ बातचीत के लिए तैयार है, किन्तु वर्तमान परिस्थितियों में धरना ही उनका मजबूरन उठाया गया कदम होगा। अब विभाग की ओर से क्या निर्णय लिया जाता है, इस पर कर्मचारियों की निगाहें टिकी हैं।

### कांग्रेस अध्यक्ष यादव का पदग्रहण कार्यक्रम आज

■ प्रथम नगर आगमन पर जोशीला स्वागत की तैयारी

**कांकेर।** जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बसंत यादव का प्रथम कांकेर आगमन एवं पदभार ग्रहण समारोह पर जिला एनएसयूआई एवं जिला युवा कांग्रेस के द्वारा दोपहर 12 बजें ज्ञानी चौक के पास जोरदार स्वागत किया जाएगा। दोपहर साढ़े 12 बजें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर (ग्रामीण) एवं नरहरपुर के द्वारा नया बस स्टैण्ड कांकेर तक, दोपहर 1 बजे शहर कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा पुराना बस स्टैण्ड में, दोपहर 1 बजें किसान कांग्रेस एवं समस्त कांग्रेसजनो के द्वारा राजीव भवन कांकेर के पास स्वागत किया जाएगा। पदभार ग्रहण समारोह दोपहर 2 बजे राजीव भवन कांकेर में होगा। कार्यक्रम में छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सम्मानीय राजेश तिवारी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुभद्रा सलाम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी एवं समस्त प्रदेश पदाधिकारीगण व पूर्व विधायकगण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।

# बनसागर में डे-नाइट कबड्डी का जारी, खेल प्रतिभा को मिला मंच

**बनसागर।** शहीद वीर नारायण सिंह युवा कबड्डी समिति बनसागर के तत्वावधान में आयोजित प्रतिष्ठित डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को जिला पंचायत सदस्य सावित्री वट्टी के मुख्य अतिथि एवं सरपंच संदीप कुमार कुंजाम की अध्यक्षता में हुआ, वहीं विशेष अतिथि के रूप में अहिलूराम सलाम, परसूराम नेताम, बुद्धूराम सुरोजिया, सुरेखा नेताम, अनीता नेताम, वेद साहू, महाशकर कुंजाम, अवध सुरोजिया, परऊँराम मरकाम तथा जोहन कुंजाम उपस्थित रहे। ग्रामीणों के सहयोग से मैदान में जीवंत खेल माहौल देखने को मिल रहा है। समिति द्वारा यह प्रतियोगिता 6 एवं 7 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही है। इसमें बालक एवं बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग मुकाबले रखे गए हैं।





विजेताओं को आकर्षक नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रकाश व्यवस्था के साथ डे-नाइट प्रतियोगिता होने से ग्रामीण दर्शकों में अत्यधिक उत्साह देखा जा रहा है। दूर-दूर से टीमें एवं खेल प्रेमी बनसागर पहुँच रहे हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस स्तर की खेल प्रतियोगिता आयोजित करना अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे खिलाड़ियों को मौका मिलता है कि वे अपनी प्रतिभा को बड़े मंच पर दिखा सकें। सभी खिलाड़ी अनुशासन और खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। सरपंच संदीप कुमार कुंजाम ने कहा कि यह कार्यक्रम शहीद वीर नारायण सिंह की शौर्यगाथा को याद करने और युवाओं को प्रेरणा देने का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और नियमों का सम्मान करते हुए खेलने की अपील की। प्रतियोगिता संचालन में बसंत कुंजाम के साथ कपिल वट्टी, उमेश सलाम, उपेंद्र कुंजाम एवं समिति के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## पेज 11 के शेष...

### प्राशा राजापारा में...

का आयोजन किया जाएगा। पांच वर्ष के बच्चों तक का नवीन आधार कार्ड, पुराने आधार में बायोमेट्रिक एवं डेमोग्राफिक अपडेट का कार्य किया जाएगा। विद्यार्थी एवं अभिभावक अपने साथ पुराना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, अंकसूची, पासपोर्ट आदि दस्तावेजो के माध्यम से अपडेट की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के निर्देश पर उप संभागीय निरीक्षक केके तुरकर एवं विजय जांगड़े के मार्गदर्शन में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### करियापहर में मृत...

की टीम को बुलाकर मौके पर ही शव विच्छेदन कराया गया। सभी आवश्यक औपचारिकताओं के बाद तेंदुआ के शव का दहन किया गया। मुख्य वन संरक्षक कांकेर वृत्त राजेश कुमार चंदेले और मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी जगदलपुर स्टाइलो मंडावी के मार्गदर्शन एवं वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल के निर्देशन पर वन अपराध क्रमांक 20219/02, दिनांक 04.12.2025 के तहत वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। रायपुर से राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल की डॉग स्क्वाड टीम को भी जांच में लगा दिया गया। स्क्वाड ने मौके पर कई महत्वपूर्ण सुराग जुटाए, जिनकी मदद से अधिकारियों ने आसपास के क्षेत्रों में सघन पूछताछ और तलाशी अभियान चलाया।

### सहायक शिक्षकों ने...

हक मिल सकेगा। फेडरेशन ने सरकार से आग्रह किया कि अपने वादों के अनुरूप वेतन विसंगति को शीघ्र दूर किया जाए और क्रमोन्नति की प्रक्रिया नियमित रूप से संचालित की जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि शीघ्र समाधान से शिक्षकों में विश्वास और उत्साह बढ़ेगा तथा शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में निर्भय कोवाची, आशु मरकाम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### उधारी वसूली के...

खून बहने लगा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुमित राय, रविन राय, राजू राय, सौरभ राय, सूरज राय, समीर शाहा और संजीत शाहा के खिलाफ धारा 115 (2), 191 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की...

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए) एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब फरार वाहन चालक की तलाश में जुट गई है।

### मिट्टी ढुलाई गाड़ी...

मल्लिक जान से मारने की धमकी देकर मुझे व मेरे परिवार वालों को हाथ, मुक्का, लात से मारपीट किए। मारपीट से मेरे बांए घुटने व गाल, मेरा बेटा सुमन मजूमदार के बांए पैर घुटना, हाथ , मुंह के पास व मेरी बेटी सुस्मीता मजूमदार के मुंह, सीना में चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने देवराज मल्लिक, भोला मल्लिक और भावेन मल्लिक के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5) और 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशा व मांसाहार...

अत्यधिक बढ़ जाता है। ज्ञापन में मांग की गई कि नशा मुक्ति के लिए शिक्षा, जागरूकता अभियान, परामर्श केंद्रों की व्यवस्था और सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए। संगठन ने बताया कि वे लंबे समय से सामाजिक अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ व नैतिक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अंत में सभी सदस्यों ने एक स्वर में नशे और मांसाहार जैसी कुरीतियों से मुक्त समाज का निर्माण कर राष्ट्र को सशक्त व चरित्रवान बनाने का संकल्प लिया।

## पैराडाइज स्कूल में किया गया शानदार आयोजन

# विश्व मृदा दिवस पर बच्चों ने मिट्टी के सुंदर गमले, दीए व गिलास बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में विश्व मृदा दिवस मनाया गया। इस दिन का उद्देश्य मिट्टी के महत्व, उसकी सुरक्षा और उपजाऊपन को बनाए रखने के बारे जागरूकता फैलाना है। इस कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों द्वारा सुबह की सभा में प्रेरणादायक भाषण से हुई, जिसमें छात्रों ने जाना कि मिट्टी जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पौधों को बढ़ने के लिए आधार है, पानी और पोषक तत्व प्रदान करती है, जो हमारी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

मृदा दिवस के अवसर पर स्कूल के छात्रों ने मिट्टी के सुन्दर-सुन्दर बर्तन, मनमोहक फ्लावर पॉट, वॉटर बॉटल, मिट्टी के दीये, गिलास बनाकर अपनी रचनात्मकता दिखाई। इन वस्तुओं के माध्यम से बच्चों के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि मिट्टी हमारे जीवन की मूल आधार है, इसलिए हमें इसे सुरक्षित रखना चाहिए और इसका सरंक्षण करना चाहिए। इन गतिविधियों ने बच्चों में पर्यावरण प्रेम एवं कला कौशल की भावना को बढ़ाया। यह बाढ़ को कम करके, पानी को छानने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में मद्द करके विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से बचाता है, इसके अलावा, मिट्टी विभिन्न प्रकार के सुक्ष्मजीवों और अन्य प्राणियों का घर है, जो हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर बच्चों ने स्लोगन बोले स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ जीवन मिट्टी बचाओं, स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन बनाओं मिट्टी को मत करों बर्बाद, यही है धरती की असली नींव और आधार मिट्टी है अमूल्य धन रक्षा करो हर क्षण/" धरती माँ की शान है धरती मिट्टी, इसे बनाए रखें सदा पवित्र। इस वृहद कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**

### नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ का गठन

**बीजापुर।** 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ का गठन किया गया है। जिस हेतु पीठासीन अधिकारी जागेश्वर कौशल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर, विकास सर्वे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैरमगढ, यशवंत नाग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम, भूपेन्द्र कुमार गावरे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उसूर, पंचराम सलामे तहसीलदार बीजापुर, भोज कुमार डहरिया तहसीलदार गंगालूर, लक्ष्मण कुमार राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, अंकित राजपुत तहसीलदार उसूर एवं सूर्यकांत धरत तहसीलदार भैरमगढ़ तथा कुटरू को नियुक्त किया गया है।

### दण्डाधिकारी जांच में उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** थाना मद्देड़, मोदकपाल, तोयनार एवं फरसेगढ़ क्षेत्र के ग्राम कचलारम, गुज्जाकोंटा, कान्दुलनार एवं करेंमरका के जंगल पहाड़ में 11 नवम्बर को पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। घटनास्थल की बारिकी से सर्चिंग के दौरान 3 अज्ञात पुरूष तथा 3 अज्ञात महिला माओवादियों का शव सहित नक्सली साहित्य हत्यार व अन्य सामग्री बरामद की गई। उक्त घटनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी रखने वाले व्यक्ति 19 दिसम्बर तक अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बीजापुर के न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

### शीतला माता जात्रा 9 को

**गीदम।** नगर के शीतला माता मंदिर में 8 दिसंबर सोमवार को शीतला माता मंदिर में जात्रा कलश की स्थापना होगी एवं 9 दिसंबर को शीतला माता जात्रा का आयोजन होगा। जिसमें आसपास के गांवों से हजारों लोग माता के मंदिर दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इस तीन दिवसीय जात्रा में 8 दिसंबर को शीतला माता के मंदिर में जात्रा कलश स्थापना के साथ यह जात्रा शुरू होगी। दूसरे दिन गांवदई भैरमबाबा व धनिया में उसेंडी डोकरा देव पूजा, शीतला माता पूजा व आरती, देव खेलनी, उड़ियानाट, आदिवासी नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। तीसरे दिन देव विदाई व ध्वजा उतारनी रस्म के साथ जात्रा का समापन होगा।

### एबीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**भानपुरी।** संयुक्त संचालक शिक्षा सम्भाग बस्तर के निर्देशन एवम जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन में एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी ने ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाइस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओ का लगातार निरीक्षण व मोनिटरिंग किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा अपने अंचल स्थित शालाओ तक पहुंचकर शालाओ के निरीक्षण के साथ साथ शिक्षकों से सतत चर्चा की।

## 9 दिवसीय लक्ष्मी जगार का समापन

# माता के दरबार पहुंचकर विधायक ने की पूजा-अर्चना, मांगी क्षेत्र की खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

- ग्रामीणों ने परंपरागत स्वागत कर जताया आभार



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबेउमरगांव, उसरी तथा ग्राम पंचायत छिंदगांव के पुजारी पारा स्थित लाडरी माता गुड़ी में आयोजित 9 दिवसीय लक्ष्मी जगार एवं लक्ष्मी पुराण उत्सव का समापन समारोह धार्मिक श्रद्धा, सांस्कृतिक उत्साह और ग्रामीण एकजुटता के साथ सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल पहुंचकर ग्राम देवी माता के समक्ष पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

विधायक के आगमन पर ग्रामीणजनों ने बस्तर की पारंपरिक विधि से उनका स्वागत किया। ढोल-नगाड़े, पारंपरिक वेशभूषा और उत्साहपूर्ण वातावरण ने पूरे आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

### ग्रामीणों ने याद किया बस्तर विधायक का विकास कार्य

छिंदगांव में चल रहे लक्ष्मी जगार उत्सव में ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब वे बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष थे, तब उन्होंने बस्तर विधानसभा सहित अन्य क्षेत्रों में माता गुड़ियों के जीर्णोद्धार, संरक्षण एवं नए गुड़ी भवनों के निर्माण हेतु महत्वपूर्ण कार्य किए। ग्रामीणों ने कहा कि आपने बस्तर की संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने हेतु हमेशा विशेष संवेदनशीलता दिखाई है। बस्तर के अंतिम छोर तक माता गुड़ी मरम्मत और नए निर्माण कार्यों की सौगात आपने प्रदान की है, हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व आप जैसे जनप्रतिनिधि कर रहे हैं।

### परिसर में बनेगी बाउंड्री वॉल

छिंदगांव में ग्रामीणों ने माता गुड़ी परिसर में बाउंड्री निर्माण की मांग रखी जिस पर विधायक ने तत्काल सहमति प्रदान करते हुए विधायक निधि से 5 लाख रुपये बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए देने की घोषणा की। ग्रामीणों ने इस त्वरित निर्णय और संवेदनशीलता के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

विधायक ग्राम पंचायत दुबेउमरगांव के लक्ष्मी जगार एवं लक्ष्मी पुराण उत्सव में शामिल हुए। जहां उन्होंने परदेसीन माता गुड़ी में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की मंगलकामनाएं की। ग्राम पंचायत उसरी के लक्ष्मी जगार उत्सव में भी माता देवी के दरबार में पहुंचकर पूजा की और ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की।

बस्तर की संस्कृति और आस्था के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इन आयोजनों में विधायक की भागीदारी ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि वे बस्तर की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक उत्सवों और देवी-देवताओं से जुड़े धार्मिक स्थलों के संरक्षण व विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

# निष्क्रिय खातों के हकदारों को लौटाए गए 1.65 करोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों के वास्तविक हकदारों को उनकी जमा पूंजी लौटाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान को उल्लेखनीय सफलता मिली है। अभियान के तहत अब तक 1.65 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पात्र नागरिकों को वापस की जा चुकी है।

यह विशेष अभियान अक्टूबर से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर तक जिले के सभी विकासखण्डों में आयोजित मेगा शिविरों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जिला कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में बताया गया कि यह पहल डीईएएफ योजना के अंतर्गत संचालित है, जिसका उद्देश्य पिछले दस वर्षों से निष्क्रिय पड़े खातों का पारदर्शी, त्वरित और सरल निपटान करना है। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन की सक्रिय भूमिका के चलते अब तक 7.27 करोड़ रुपये से अधिक राशि वाले निष्क्रिय खातों की पहचान की जा चुकी है। बैंकवार समीक्षा में भारतीय स्टेट बैंक में सर्वाधिक निष्क्रिय खाते पाए गए। शिविरों में 35 से अधिक नागरिकों के दस्तावेजों का सत्यापन कर मौके पर ही उनके दावे निराकृत किए गए। कार्यक्रम में कलेक्टर मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे आमजन के आर्थिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ, जिला कोषालय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायत बीजापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अग्रणी बैंक अधिकारी अमृत कुमार एक्का, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक तथा एसबीआई लाइफ और एलआईसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रैली के माध्यम से दिया स्वच्छता संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 217वीं वाहिनी कोन्टा में 1 से 15 दिसंबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत शपथ समारोह के साथ की गई।

कैम्प परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कमाण्डेन्ट विजय शंकर ने की। इस अवसर पर स्वच्छता बनाए रखने, स्वच्छ वस्त्र धारण करने, प्लास्टिक व पॉलीथिन का उपयोग न करने तथा समाज में अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। जवानों को कैम्प परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया। इस अभियान में द्वितीय कमान अधिकारी अरविंद पी. आनंद, द्वितीय कमान अधिकारी नीर सिंह मीणा, उप कमाण्डेन्ट सौरभ कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट डी. राजा इलमपरिथी सहित अधीनस्थ अधिकारी और बड़ी संख्या में जवानों ने भाग लिया।

## मिट्टी को जीवित और उपजाऊ बनाए रखने के उपायों पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व मृदा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिले के किसानों, नीति आयोग के अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरुण कुमार सकनी ने किया। उन्होंने केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, मिट्टी के स्वास्थ्य मापदंडों तथा मिट्टी को जीवित और उपजाऊ बनाए रखने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग और जैविक खाद जैसे वर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट एवं गोबर खाद के महत्व को रेखांकित किया जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ती है और फसल उत्पादन स्थिर रहता है।

कार्यक्रम में संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है, मिट्टी को बचाना हर व्यक्ति का प्रमुख कर्तव्य है। आगे अपने उद्बोधन में उग्रेश कुमार देवांगन, सहायक संचालक कृषि ने विभागीय योजनाओं तथा प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अरविंद आयम, कार्यक्रम सहायक ने बताया कि अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी के स्वास्थ्य में निरंतर गिरावट आ रही है। उन्होंने किसानों को संतुलित एवं वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग पर जोर देने की सलाह दी। डॉ. दिनेश कुमार मरापी,ए प्रक्षेत्र प्रबंधक ने मृदा एवं जल संरक्षण की विभिन्न तकनीकों के बारे में उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में कुल 43 किसान सम्मिलित हुए। विश्व मृदा दिवस का यह आयोजन किसानों को वैज्ञानिक, टिकाऊ और मिट्टी,संरक्षण आधारित कृषि पद्धतियों की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

### निर्वाचन नामावलियों के कार्य की प्रगति पर बैठक

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जारी विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 1 जनवरी कार्यक्रम के तहत निर्वाचन नामावलियों के अद्यतन कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु आज जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लोकांश एल्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना पत्रक भरने एवं डिजिटाइजेशन कार्य की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा आयोग द्वारा विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों में किए गए संशोधनों की जानकारी भी इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को दी गई।

## चाकू लहरा कर गुंडागर्दी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आरोपी सोनू बघेल 21 वर्ष गांधी नगर वार्ड, गंगामुंडा, जगदलपुर निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गंगामुंडा तालाब चौपाटी के पास धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका कर गुंडा गर्दी करने वाले युवक को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। थाना बोधघाट में मुखबिर से सूचना मिला कि एक युवक बहादुरगुडा चौपाटी के पास लोगों को चाकू दिखा कर डरा धमका रहा है। सूचना पर मौक़े में जाकर आरोपी को उसके कब्जे से 1 धारदार चाकू जप्त कर गिरफ्तार कर आज को न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### इनकी रही भूमिका

अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में उ. नि. लोकेश्वर नागम., प्र.आर. वर्षा साहू, आरक्षक थानेंद्र सिन्हा, मानकू कोर्राम, होरी लाल आर्मो, कामदेव दर्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**समाज कल्याण विभाग ने लीशा को दी सुरक्षित सुविधा**

## वर्षों से उपेक्षित जीवन को अब मिल रहा संबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड के आवासपारा निवासी लीशा मौर्य कई वर्षों से घर के एक छोटे से कमरे में अकेले जीवन जीने को मजबूर थीं। अब समाज कल्याण विभाग की देखरेख में सुरक्षित जीवन बिता रही हैं। लीशा के नाना रतीराम ने अगस्त 2024 में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के समक्ष स्थिति बताई गई। जिसके बाद विभाग ने संज्ञान लेते हुए पूरी प्रक्रिया को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ आगे बढ़ाया।

नाना ने बताया कि लीशा की माता का निधन कई वर्ष पूर्व हुआ है। पिता दूसरी शादी कर अलग गांव में रहते हैं। बचपन में स्कूल जाते समय मिली धमकी के बाद लीशा मानसिक रूप से असहज रहने लगीं। नाना खेती-बाड़ी में व्यस्त रहते थे इसलिए सुरक्षा के चलते घर के सामने बने छोटे कमरे में लीशा को रखा जाता था। समय के साथ उसकी दृष्टि चली गई।

लीशा की भोजन, कपड़े और दैनिक जरूरतों की पूर्ति नाना के माध्यम से होती थी परंतु देखभाल का स्थायी विकल्प उपलब्ध नहीं था। नाना से जानकारी मिलने के अगले ही दिन समाज कल्याण विभाग की टीम लीशा के घर पहुंची। टीम ने लीशा को कमरे से निकालकर साफ-सफाई करवाई। अगले दिन चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल में स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की व्यवस्था की गई। इसके बाद बस्तर दिव्यांग सेवा समिति द्वारा संचालित आशीर्वाद घरौंदा गृह, ग्राम कोलचूर में लीशा को अगस्त 2024 में सुरक्षित प्रवेशित कराया गया। संस्था में रहने के दौरान लीशा का नेत्र उपचार और ऑपरेशन भी चिकित्सा महाविद्यालय में कराया गया लेकिन दृष्टि वापस नहीं आ सकी।

13 जुलाई 2025 को नाना के निधन के बाद लीशा के लिए संस्था ही स्थायी निवास बन गया है। संस्था प्रबंधन के अनुसार लीशा वर्तमान में स्वस्थ हैं। वह दैनिक क्रियाकलाप स्वयं अपने स्थान पर कर लेती हैं। आवाज देने पर प्रतिक्रिया देती हैं, हल्की-फुल्की बातचीत भी करती हैं। अन्य सदस्यों के साथ भी उनका नियमित संवाद बना हुआ है।

## शिक्षकों ने हेलमेट पहनकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



संकुल बैठक सह-प्रशिक्षण के पश्चात कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बारसूर संकुल के समस्त शिक्षकों ने हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर ने बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षकीय कर्मचारी स्वयं दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

इसी क्रम में संकुल के शिक्षकों ने सामूहिक रूप से हेलमेट पहनकर सुरक्षित यात्रा की अपील की। शिक्षकों ने कहा कि सुरक्षित यात्रा ही सुरक्षित जीवन का आधार है, इसलिए हर दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट को अपनी आदत बनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन तथा सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने पर जोर दिया गया। शिक्षकों द्वारा उठाया गया यह कदम क्षेत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता को मजबूत बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।

**डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने किया 205 लोगों के आंख की जांच**

## विद्युत कंपनी के वेलफेयर में 355 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







शहर के गीदम रोड स्थित छग स्टेट पॉवर डिस्ट्री ब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से शुक्रवार को कल्याण भवन में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 205 लोगों को नेत्र एवं 105 का बीपी, शुगर का परीक्षण किया। शिविर में जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कंपनी के औषधालय के डॉ. आरके श्रवण, जेके हॉस्पिटल के डॉ. अक्षय पारासर, कंपनी के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी, सुदीप खेस आदि शामिल रहे। शिविर से कंपनी के कालोनीवासियों में उत्साह दिखा।

## शराब, तंबाकू, ड्रग्स के दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक की एनएसएस इकाई ने गोद लिए गए ग्राम जावंगा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सचिव मांडवी रहे। जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर तथा सीएससी जावंगा नितिन विश्वकर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत एवं एनएसएस गीत के साथ हुई।

प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए शिविर को आत्म-विकास और समाज सेवा का उत्तम माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सहयोग भावना और राष्ट्र निर्माण की चेतना को विकसित करना है, जिसे इस प्रकार के विशेष शिविर और सशक्त बनाते हैं। ग्राम पंचायत सचिव ने अपने उद्बोधन में जावंगा गांव में ऐसे आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा यदि सही दिशा में लगाई जाए तो गांव के विकास में अभूतपूर्व सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा की टीम को ग्राम स्तर पर जन-जागरूकता अभियानों के लिए धन्यवाद दिया। नितिन विश्वकर्मा ने छात्रो को स्वयं में बदलाव कर समाज में बदलाव की प्रेरणा प्रदान की। उद्घाटन के बाद स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्त समाज स्वस्थ समा" के संदेश पर एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को ग्राम पंचायत सचिव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

स्वयंसेवकों ने नारे लगाते हुए शराब, तंबाकू, ड्रग्स आदि के दुष्प्रभावों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली जावंगा के मुख्य मार्गों से होकर गुजरते हुए गांव के प्रमुख चौक तक पहुंची। ग्रामीणों ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया।

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./ 202511140100021/अ-21 (2) / 2025-26
ग्राम- नारायणपुर
प.ह.न.-14 नारायणपुर

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम नारायणपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि प्रकरण आवेदक अमर नारायण सिंह पिता परसूराम सिंह जाति कोईरी निवासी भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम नारायणपुर स्थित अपने भूमिस्वामी हक की परिवर्तित आवासीय भूमि खसरा नम्बर 12/11 रकबा 0.016 हेक्टर भूमि को अपने पुत्री की उच्च शिक्षा के लिए पैसों की आवश्यकता होने पर अनावेदक क्रेता छविता साहू पति प्रेमराज जाति तेली निवासी भानुप्रतापपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास विक्रय करने हेतु 5,00,000/- (पांच लाख) रूपये में सौदा कर विक्रय अनुमति हेतु कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत तथा (6ग) की कंडिका (एक) से (छः) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेश तिथि 12/12/2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पशचात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
भानुप्रतापपुर


मा. श्री बसंत यादव जी
को जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के
अध्यक्ष बनाये जाने पर एवं
प्रथम कांकेर आगमन पर
स्वागत...वंदन...
अभिनंदन...
मा. श्री बसंत यादव जी
जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कांकेर
विनीत - जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर


मा. श्री बसंत यादव जी
को जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष
एवं
मा. श्री राजू दुबे जी
को युवक कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष
बनने पर
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं...
मा. श्री बसंत यादव जी
जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कांकेर
मा. श्री राजू दुबे जी
जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कमेटी कांकेर